**दिनांक : 07.06.2025** **समय : 02.10pm**

आकाशवाणी मध्यप्रदेष

**प्रधानमंत्री–किसान**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के किसानों के कल्याण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई है। एनडीए सरकार के केन्द्र में ग्यारह साल पूरे होने पर श्री मोदी ने कहा कि पिछले ग्यारह वर्षों में किसानों की समृद्धि के लिए किए सरकार के प्रयासों से कृषि क्षेत्र में बड़ा परिर्वतन सुनिश्चित हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने मृदा स्वास्थ्य और सिंचाई जैसे मुद्दों पर विशेष ध्यान दिया जो बहुत लाभकारी सिद्ध हुआ। श्री मोदी ने कहा कि किसानों के कल्याण के लिए सरकार के प्रयास आने वाले समय में और भी मजबूती से जारी रहेंगे।

**भूमिपूजन**

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज सीहोर जिले के एक दिवसीय दौरे पर हैं। श्री चौहान आज सीहोर और इछावर में कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे। वे मुख्यमंत्री डा मोहन यादव के साथ 51 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन भी करेंगे।

इछावर में विकसित कृषि संकल्प अभियान को संबोधित करने के अलावा श्री चौहान शाम को भाऊखेड़ी में किसान चौपाल में किसानों से संवाद करेंगे।

**मुख्यमंत्री जबलपुर**

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज जबलपुर जिले के प्रवास पर रहेंगे । मुख्यमंत्री यहाँ कुंडम के समीप ग्राम छपरा में आयोजित समारोह में 18 करोड़ 41 लाख रुपये से बने सांदीपनि विद्यालय भवन का लोकार्पण करेंगे। अत्याधुनिक शैक्षणिक सुविधाओं से युक्त सांदीपनि विद्यालय के भूतल सहित तीन मंजिला भवन में 34 क्लास रूम बनाये गये हैं। यहॉं कक्षा छठवीं से बारहवीं तक एक हजार 170 विद्यार्थी अध्ययन कर सकेंगे। मुख्यमंत्री डॉ यादव सांदीपनि विद्यालय के साथ ही 12 करोड़ 63 लाख रुपये की लागत से निर्मित शासकीय आईटीआई भवन का लोकार्पण करेंगे।

**ईद–अल–अजहा**

देश के साथ प्रदेश में भी आज कुर्बानी का पर्व ईद–उल–अजहा धार्मिक आस्था और उत्साह से मनाया जा रहा है। लोगों ने आज सुबह ईदगाह और मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की और एक दूसरे को

बधाई दी। राजधानी भोपाल में ताजुल मस्जिद, जामा मस्जिद, मोती मस्जिद और मस्जिद बिलकिस जहां में ईद की विशेष नमाज अता की गई।

राज्य के सतना,राजगढ़ सहित अन्य जिलों से भी ईद–उल–अजहा आस्था के साथ मनाये जाने के समाचार मिले ळें

## स्वच्छ भारत मिशन

प्रदेश में स्वच्छ भारत मिशन शहरी के अंतर्गत नगरीय निकायों ने शहरी क्षेत्र में साफ–सफाई का विशेष अभियान शुरू कर दिया है। विशेषकर बारिश के दौरान जल–भराव की स्थिति निर्मित न हो, इसके लिये नाले–नालियों की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास कार्यालय ने दिशा–निर्देश जारी किये है। साफ–सफाई अभियान 413 नगरीय निकायों में एक साथ शुरू किया गया है। शहरी क्षेत्र के सभी वार्डों में आवासीय एवं सार्वजनिक क्षेत्र की नालियों से जमी हुई गाद निकालकर गहरी सफाई की जा रही है। वर्षा काल के दौरान जल का प्रवाह सतत रूप से हो सके, इसके लिये नालों के सभी छोर पर जाली लगाई जाना सुनिश्चित किया जा रहा है।

## जल संरक्षण

प्रदेश में जल संरक्षण की यात्रा दिन प्रति दिन मजबूती से आगे बढ़ रही है। जनभागीदारी से जल संरचनाओं के संरक्षण और सफाई के कार्य हाथ में लिये गये है। शहडोल जिले में स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से जल संवर्धन का कार्य लगातार किया जा रहा है। गौरतलब है कि "जल गंगा सवंर्धन अभियान" 30 मार्च से 30 जून तक चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत जहां एक ओर नये तालाब बनाये जा रहे, वहीं दूसरी ओर पुराने तालाबों, बावड़ियों और कुँओं का जीर्णाद्वार का कार्य भी किया जा रहा है। नदियों को साफ–स्वच्छ एवं जल एकत्रित करने के लिए भी कार्य किए जा रहे हैं। इस अभियान के तहत ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व वाले तालाबों, जल स्रोतों तथा देवालयों में जल संरक्षण के कार्य भी किये जा रहे हैं। अभियान जन प्रतिनिधियों, स्थानीय समुदाय, जनभागीदारी, आमजन और सरकार के संयुक्त प्रयास से संचालित हो रहा है।

## किसान कल्याण

किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना ने कहा है कि किसानों की फसलों की उत्पादकता में वृद्धि के लिए हर संभव प्रयास किए जाएं। उन्होंने यह निर्देश राज्य स्तरीय प्रशिक्षण संस्थान में शासकीय कृषि प्रक्षेत्रों की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए।

उन्होंने कहा कि शासकीय कृषि प्रक्षेत्रों का उद्देश्य किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीज और अन्य कृषि सामग्री प्रदान करना है, जिससे उनकी उत्पादकता में वृद्धि हो सके।

## **समाचार संक्षेप में .....**

- आगामी मानसून को देखते हुए आगरमालवा जिले में होमगार्ड जवानों, सिविल डिफेंस वालेंटियर को बाढ़ से बचाव तकनीक, उपकरण, के साथ ही नागरिक सुरक्षा और अन्य सेवाओं की जानकारी दी गई।
- नीमच जिले में दो पंचायत सचिवों को जल गंगा संवर्धन अभियान में लापरवाही एवं उदासीनता बरतने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।
- राजगढ़ जिले में 11 जून को रोजगार मेला और स्वरोजगार मेले का आयोजन शासकीय आईटीआई में किया जाएगा।

**नमस्कार।**

............................